हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025



# गलत तरीके से काम करने पर डांटना पड़ा भारी, सहकर्मी ने ही कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कंपनी में गलत तरीके से सेंट्रिंग तार बांधने के कारण फटकार लगाने पर साथ में काम करने वाले एक युवक ने दूसरे की हत्या कर दी। इस मामले की जांच करते सोमनी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चंदन कुमार एवं भीष्मदेव दोनों पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, जो निर्माणाधीन कल्याणी इस्पात कंपनी लिमिटेड कोपेडीह में लोहा सरिया सेंट्रिंग तार बांधने का काम करते थे। 15 जून को भीष्मदेव गलत तरीके से सेंट्रिंग तार बांध रहा था, तब चंदन कुमार फटकार लगाकर सही तरीके से तार बांधने के लिए बोला तो दोनों के मध्य इस बात को लेकर वाद-विवाद हुआ था।

### भागने के फिराक में था

इस मामले में सोमनी पुलिस की टीम आरोपी भीष्मदेव सिंघा जो दीगर राज्य पश्चिम बंगाल का है, भागने के फिराक में था, जिसे मुखबीर सूचना पर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो मृतक चंदन कुमार को 15 जून को सही तरीके से सेंट्रिंग तार बांधने के लिए डॉटने व फटकारने की बात को लेकर रंजिश रखते हत्या करना बताया।

## कोपेडीह की एक फैक्ट्री में साथ काम करते थे दोनों, आरोपी पकड़ाया




### पश्चिम बंगाल का रहने वाला आरोपी

आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी भीष्मदेव सिंघा पिता हराधन सिंघा 35 साल निवासी दक्षिण काशिम नगर थाना महिसातल जिला पूर्बा मदनीपुर पश्चिम बंगाल हाल पता कल्याणी इस्पात कंपनी कोपेडीह का क्वाटर थाना सोमनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमनी, उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक जलालुद्दीन खान, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक सहबाज सिद्धिकी, गुलाब चंद्राकर एवं पुलिस स्टाफ सोमनी का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।

**लकड़ी के बत्ता से हमला, अस्पताल में मौत**

पुलिस के अनुसार शाम को चंदन कुमार व भीष्मदेव अलग-अलग अंजोरा शराब भट्ठी जाकर शराब पीये। भीष्मदेव शराब पीकर पहले अपने क्वाटर में आ गया था। रात्रि करीबन साढे 8 बजे चंदन कुमार भी अपने क्वाटर में जाने के लिए आरोपी के क्वाटर के सामने से जा रहा था, जिसे देखकर भीषमदेव दोपहर में हुए विवाद के रंजिश से क्वाटर के सामने पड़े लकड़ी के बाटम (बत्ता) से हत्या करने की नीयत से चंदन कुमार के सिर, हाथ, पसली में मारपीट कर गंभीर चोंट पहुंचाया था, जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग लेकर गए थे। ईलाज के दौरान चंदन की मृत्यु हो गई, जिस पर थाना सोमनी में धारा 103 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घंटों इंतजार के बाद भी मांग से मिल रहा कम

# डीएपी के लिए किसानों की लंबी कतार, किल्लत से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किसानों के लंबे इंतजार के बाद डीएपी खाद सेवा सहकारी समितियों तक पहुंच चुकी है, लेकिन खाद लेने के लिए किसानों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। डीएपी खाद आते ही समिति के बाहर किसानों की लंबी कतारें लगी हुई है। वहीं घंटों इंतजार के बाद भी मांग के अनुरूप डीएपी खाद किसानों को उपलब्ध नहीं हो रहा है। जिसको लेकर किसानों में निराशा भी नजर आ रहा है।

मानसून का आगाज होते ही खेती-किसानी के कार्य में तेजी आ चुकी है। डीएपी खाद के लिए लगभग 15-20 दिन के इंतजार के बाद डीएपी खाद सोसायटी में पहुंच तो गई है, लेकिन खाद की उपलब्धता कम होने के चलते किसानों की मांग अनुसार उन्हें डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। सोसायटी में डीएपी खाद आने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं। शहर के ढाबा सोसायटी पहुंचे किसान कामता प्रसाद साहू और रमेश साहू ने बताया कि इस वर्ष खाद लेने के लिए काफी परेशानी हो रही है। स्टॉक की कमी होने के चलते खाद मांग से काम दिया जा रहा है। किसानों को खाद लेने दो-तीन घंटे लाइन लगानी पड़ रही है।

### वैकल्पिक खाद की उपलब्धता

डीएपी की कमी है। इसके विकल्प के रूप में यूरिया और सुपर फास्फेट का भंडारण समितियों में किया जा रहा है। डीएपी भी उपलब्धता के अनुसार किसानों को वितरण किया जा रहा है।

\- **प्रभात मिश्रा**, सीईओ
जिला केंद्रीय सहकारी बैंक

## बोनी के साथ ही खाद भंडारण में जुटे किसान



**सबसे महंगा डीएपी :** समितियों में डीएपी खाद 1350 रुपए, यूरिया 266 रुपए 50 पैसे, पोटाश 1535 रुपए, सुपर फास्फेट 510 रुपए और सुपर जिंक पावडर 495 बैग में उपलब्ध है।

### लक्ष्य के करीब बीज का भंडारण

मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है। जिले में 13653 क्विंटल बीज के भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से अब तक 10244 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। वहीं किसानों को 8000 क्विंटल बीज का वितरण भी हो चुका है।

### समितियों में खाद का भंडारण

अब तक समितियों में खाद का भंडारण लक्ष्य से 54.34 प्रतिशत ही हुआ है। इस वर्ष 50 हजार 220 मीट्रिक टन खाद के भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 27 हजार 292 मीट्रिक टन का भंडारण हो चुका है। वहीं किसानों द्वारा 20 हजार 996 मीट्रिक टन खाद का उठाव कर लिया गया है। वहीं 6 हजार 296 मीट्रिक टन खाद सोसायटियों में उपलब्ध है।

### पीओएस मशीन से वितरण

किसानों को खाद का वितरण पीओएस मशीन से केंद्र सरकार की मोबाइल फर्टिलाइजर मॉनिटरिंग सिस्टम से किया जा रहा है। इस मशीन में मार्कफेड के डबल लॉक सिस्टम से समितियां में प्राप्त खाद का डाटा मशीन में अंकित करने के बाद किसानों को बायोमेट्रिक सिस्टम से इसका वितरण किया जा रहा है। इस सिस्टम के माध्यम से गड़बड़ियां रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीमांकन-सर्वे आज, रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

# इंदावानी जलाशय के डुबान की 2 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



इंदावानी जलाशय से एक उद्योग को पानी देने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और अब जलाशय के डूबान क्षेत्र में करीब दो एकड़ जमीन में अवैध कब्जा किए जाने की शिकायतें सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत पर सिंचाई महकमे के पटवारी श्रीनू रेड्डी ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को रूकवाया है। कल सीमांकन के बाद दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

मिली जानकारी के अनुसार इंदावानी जलाशय के डूबान इलाके में तार फेंसिंग लगाकर कब्जा करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा सरपंच को दी गई। सरपंच खिलेश्वर साहू ने तत्काल मामले में सिंचाई विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर विभाग का पटवारी पहुंचा था। जिसके सामने ही ग्रामीणों ने जमकर नाराजगी भी दिखाई। ग्रामीणों की शिकायत के बाद अब आज इस पूरे इलाके का सीमांकन कार्य पटवारी श्रीनू रेड्डी द्वारा किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि एमपीके कुछ लोगों द्वारा यहां डूबान में अवैध कब्जा किया जा रहा है।

**कोपेडीह जलाशय में भी अतिक्रमण :** इंदावानी जलाशय के साथ-साथ कोपेडीह जलाशय की 20 डिसमिल जगह में भी अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ही पूरे इलाके में अतिक्रमण कराया गया है। मामले की शिकायत के बाद सिंचाई महकमे ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

### अल्टीमेटम का असर: मौके पर पहुंचे अफसर

इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से फुलझर में स्थित एक फैक्ट्री को पानी देने का विरोध कर रहे ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया गया था। ग्रामीणों ने कहा था कि यदि निर्धारित अवधि में पाईप लाइन नहीं हटाई गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस अल्टीमेटम के चलते सिंचाई विभाग के अफसर आज मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि हफ्तेभर के भीतर पाईप लाइन उखाड़ ली जाएगी। इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने कल होने वाले आंदोलन को स्थगित कर दिया है।

### असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लालबाग पुलिस ने तीन आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार लालबाग थाना में प्रार्थी पोषण बघेल मोखली ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 18 जून की रात गांव में आरोपी जागेश्वर कुमार, बुधराम, लोकेश उर्फ मुकेश एक राय होकर गाली-गलौज करते मारपीट की। रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने 19 जून को आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया था। आरोपियों द्वारा पोषण बघेल को तुम हमारे खिलाफ रिपोर्ट लिखाते हो कहते हुए झगड़ा-विवाद कर रहे थे। जिसकी सूचनापर पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचकर अनावेदकों को समझाने का प्रयास किया, जो नहीं माने। पुलिस के सामने ही विवाद एवं उपद्रव करने लगे, जिस पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर मान. न्यायालय में पेश किया।

अपने शहर-प्रदेश, देश-विदेश की पल-पल की हर खबर सबसे पहले, सबसे सटीक

www.haribhoomi.com

अव नए कलेवर में




हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Copyright @ 2023-24 Hariboomi Ltd., All Rights Reserved

brandvision @ MAHESHWARI

# औषधालय से कम्प्यूटर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कर्मचारी राज्य बीमा सेवाये औषधालय के कार्यालय में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बीती रात पुराना जिला चिकित्सालय परिसर गुरूनानक चौक में संचालित शासकीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाये औषधालय में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने 3 नए कम्प्यूटर एवं 1 प्रिंटर को चोरी कर ले गए। चोरी की इस घटना से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना की जांच की जा रही है। इधर शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। इस परिसर में लगातार शराबखोरी की शिकायतें भी सामने आई है, असमाजिक तत्वों द्वारा परिसर में ही शराब सेवन किया जाता है, जिसकी शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

**रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

**समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल**

NABH मान्यता प्राप्त

दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
**डॉ. दीपिका जैन**
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध



**उपलब्ध सुविधाएं**

- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी

- डिजिटल एक्स-रे
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
- एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- फेशियल ट्रामा केयर

अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

**संजीवनी नर्सिंग होम**
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**न्यूरोलॉजी विभाग**
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

**हृदय रोग विभाग**
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से विकास के मुद्दों पर चर्चा



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने टीम के साथ कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर की वर्तमान स्थिति और विकास के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कई महत्त्वपूर्ण बातें रखीं। अध्यक्ष खुशरो के साथ पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, मोहसिन खान, रंजीत चंदेल मौजूद थे। नगर अध्यक्ष ने नगर में हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रशासन से इस पर कार्रवाई करने और प्रशासनिक कसावट लाने का आग्रह किया ताकि नगर का व्यवस्थित विकास हो सके।

### योग शिविर 21 तक



**बोरतालाव।** आयुष संचनालय के निर्देशन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष आरोग्य मंदिर में ५ दिवसीय योग शिविर का आयोजन 17 ये 21 जून तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ गत दिनों भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना कर सरपंच कैलाश ऊके ने किया। इस मौके पर उपसरपंच, श्री मानकर, श्री इक्का, योग शिक्षक चमन चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### पदाधिकारियों ने संभाला पदभार



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ गड़रिया ढेंगर समाज ने गत दिनों ग्राम ढाबा में प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गड़रिया समाज के मुख्य संरक्षक चंद्रपाल धनगर, प्रदेश अध्यक्ष गोविंदराम धनकर ने नारायणप्रसाद पाली को शॉल, श्रीफल और देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशीष धनगर, मनोज धनगर, अजय हंसा, पुरुषोत्तम पाल, महेश पाली, निरंजन धनकर, कुंभलाल, द्वारिका पाल, घनश्याम पाल, रूपचंद धनकर, छगन पाल, रमेश पाल शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अभिमन्यु धनगर, विनोद पाली, चेतन पाली, लोकनाथ पाल, महेंद्र पाल, विदेशी धनगर, तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता धनगर, नीलम पाली आदि सामाजिक जन उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी निरंजन लाल धनकर ने दी।

### रमेश राही बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसियेशन के प्रांतीय अध्यक्ष पीआर यादव ने नगर के साहित्यकार एवं शिक्षाविद रमेश जैन राही को एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें जिला कार्यकारिणी के गठन एवं तहसीलों के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अधिकृत किया है। श्री राही के जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदेश महामंत्री उमेश मुदलियार, मीडिया प्रभारी विद्याभूषण दुबे, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के आनंद श्रीवास्तव, राजेन्द्रसिंह ठाकुर, दिलेश्वर सांडिल आदि ने बधाई दी है।

### पहले दिन किताब का वितरण



**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला गुंडरदेही में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संदीप मेश्राम थे। इस मौके पर सरपंच रवि नेताम, तिलोका सिन्हा, भुनेश्वरी साहू, उत्तराबाई, नीतू विश्वकर्मा, मनीषा साहू, रामेश्वरी मानिकपुरी, हीरालाल सिन्हा, शाला समिति अध्यक्ष, प्रधानपाठक सहित अन्य मौजूद थे।

## खाद की किल्लत से जूझ रहे अंचल के किसान

# मानसूनी बारिश के पहले शुरू हुई फसल की बोआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मौसम विभाग ने अगले कुछ ही दिनों में मानसूनी बारिश होने का संकेत दिया है। मानसूनी बारिश के पहले ही खरीफ फसल की बोआई शुरू हो गई है। बीते सप्ताह दो दिन तक बारिश होने के बाद से किसान बोआई करने जुटे है। कृषि विभाग ने किसानों को चार इंच बारिश होने के बाद ही फसल की बोआई करने की सलाह दी है ताकि अंकुरण की समस्या न हो।

सड़क अतरिया, चकनार, कुकुरमुड़ा के किसानों ने बताया कि एक दशक पहले मानसून के आगमन होते ही ज्यादातर किसान जुताई के लिए नागर बैल, भैंस का उपयोग करते थे। सुबह से ही गांव की गलियों में बैलों के गले में बंधी घंटी की आवाज सुनाई देने लगती थी किन्तु बीते कुछ सालों में किसान आधुनिक यंत्रों का प्रयोग करने लगे हैं। गिनती के किसान ही नागर से जोताई करते है। जोताई एवं बोआई के लिए किसान अब ट्रैक्टर का उपयोग करने लगे है।

क्षेत्र के सभी गांव में दर्जन, दो दर्जन से अधिक ट्रेक्टर मशीन है। पहले जहां बैल भैंस बांधा जाता था वहां अब ट्रेक्टर खड़े होने लगा है। इसी प्रकार धान बोआई के लिए कृषक रोपा एवं ओन्हारी पद्धति का उपयोग करने लगे हैं जिससे बियासी करने की जरुरत नहीं पड़ती।

### आधुनिक खेती का चलन बढ़ा



#### मवेशियों की संख्या में कमी

आधुनिक खेती के चलते गाय, बैल, भैंस की संख्या में लगातार कमी देखा जा रहा है। जिन गांव में दो, तीन सौ मवेशी हुआ करता था अब वहां आधे से कम मवेशी शेष है। जिन लोगों के पास मवेशी है वह भी विशेष ध्यान नहीं रखते हैं। शाम को मवेशी के नहीं लौटने पर भी पता साजी नहीं किया जाता और मवेशी सड़कों पर बैठे दिखाई देते है। गांव के कांजी हाऊस में ताला लगा रहता है।

#### खाद की किल्लत बरकरार

क्षेत्र की सोसायटियों में अब तक डिमांड के अनुसार खाद नहीं पहुंची है जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों ने बताया कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिला तो उत्पादन प्रभावित होगा। खाद के लिए कृषक सोसायटी का चक्कर काट रहे हैं।

#### ओन्हारी और बोता का चलन बढ़ा

कृषक एक बार फिर पारंपरिक तरीके से खेती करने की रूख करने लगे हैं। बीते कुछ साल से क्षेत्र के कृषक रोपा पद्धति से ज्यादातर फसल बोआई करते आ रहे थे पर इस साल ओन्हारी और बोता पद्धति से धान की बोआई करते नजर आ रहे हैं। किसानों ने बताया कि सिंचाई, बारिश की कमी तथा रोपा पद्धति में उत्पादन लागत बढ़ने के कारण किसान बोता और ओन्हारी पद्धति से बोआई करने में दिलचस्पी ले रहे हैं। वही दूसरी ओर मजदूरों का टोटा और मजदूरी दर बढ़ने से फसल बोआई पद्धति में परिवर्तन आ रहा है।

# घर के सामने मूर्ति रखने की शिकायत



■ शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भीमनगर बधियाटोला निवासी और सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी श्यामलाल साहू के घर के आंगन में जबरन बुद्ध मूर्ति स्थापित करने की शिकायत मिली है।

पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के बाद अब पक्का चबूतरा का निर्माण किया जा रहा है जिससे लोग दहशत में है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हे घर छोड़कर जाने की धमकी दी जा रही है। श्री साहू ने गत 3 जून को मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी से किया था जिस पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

#### मना करने पर किया झगड़ा

श्यामलाल साहू ने आंगन में प्रतिमा रखने और चबूतरा बनाने से मना किया तो कुछ लोग झगड़ा करने उतारू हो गए और गाली गलौज करने लगे। उन्होंने जातिगत गाली गलौज करने का आरोप लगाकर अनुसूचित जाति थाना में शिकायत करने की धमकी दी है।श्री साहू ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग करते हुए इस मामले पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर अनशन करने की बात कहा है।

### युवक युवती परिचय सम्मेलन 28 से

**डोंगरगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया के तत्वावधान में मारवाड़ी सामूहिक विवाह समारोह समिति ने 28 और 29 जून को श्री नारायणी लॉन, राणीसती मंदिर गोंदिया में युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रखा है। परिचय सम्मेलन में सकल मारवाड़ी समाज, अग्रवाल, माहेश्वरी, खंडेलवाल, ब्राम्हण, ओसवाल, जैन, सोनी, सेन आदि रिश्ता जोड़ पाएंगे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, सुनील तापड़िया, मनीष दरगढ़, मनोज भंडारी ने सामाजिक जनों से शामिल होने का आव्हान किया है।

# जिपं अध्यक्ष ने किया प्रतिमा का अनावरण



■ बम्हनी चारभाठा में मनाया गया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम पंचायत बम्हनी चारभांटा में रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनकी मूर्ति का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी थी। श्रीमती वैष्णव एवं अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति का अनावरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य उभयराम चंन्द्रवंशी, मीना धुर्वे, रामकुमार मंडावी, कुमार साय साहु, कुंदन बडोले, राजेश्वर धुर्वे, नैनसिंह पटेल, एस कुमार सिन्हा, भुखन धनकर, तोरणदास वैष्णव, धर्मेन्द्र साहु, मोनेश साहु, भारत मंडावी, योदोदास वैष्णव, देवासु कुंजाम, अधर कुंजाम, रामचंद्र साहु, पुनाराम वर्मा समेत ग्रामवासी

#### लक्ष्मीबाई की भूमिका पर चर्चा

मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने भारतीय स्वतंत्रता के आंदोलन में रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने मातृभूमि की आजादी के लिए अलख जलाकर तत्कालीन समय में अखंड भारत को जागृत किया था। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंडावी ने भी संबोधित किया।

# हेमंत को महामंत्री का दायित्व, इंदर संभालेंगे कोष

■ भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव






प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मंडल भाजपा की कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में दीना पटेल को अध्यक्ष, हेमंत चोपड़ा, डीकेश साहू को महामंत्री बनाया गया है। उपाध्यक्ष संतोष यादव, योगेश पटेल, महेश्वर साहू, कुंती चौधरी, मंत्री चुन्नी यदु, वीरेन्द्र साहू, ममता उईके, चित्ररेखा साहू, कोषाध्यक्ष इंदचंद लोढ़ा, सह कोषाध्यक्ष रितु सोनकर, मीडिया प्रभारी कोमल साहू, सह मीडिया प्रभारी गौरव यदु, सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश गुप्ता, कार्यालय मंत्री लोकेश यदु, सह कार्यालय मंत्री रामा निर्मलकर को बनाया गया है।

कार्यकारिणी सदस्यों में अपर्णा तिवारी, विभा हिरवानी, दीप्ति ठाकुर, रितु सोनकर, कुंती आल्हा, हिना मंगल जैन, निशा पंजवानी, द्रौपदी ध्रुव, मनीषा साहू, अनिता वाल्दे, गायत्रीबाई ठाकुर, एलनबाई साहू, ललिता चेतन साहू, नीलम चतुर्वेदी, डा. खेमुदास साहू, राजेन्द्र साहू, डा.ललित रामटेक, राजेन्द्र साहू, राधेश्याम कमरिया, दुर्गा निषाद, वैभव माहेश्वरी, मुन्ना दाऊ, रामा निर्मलकर, जनकराम साहू, खेलन सार्वा, शिवकुमार लाटिया, संतोष सिन्हा, खेमन साहू, राजेश दबे, पूनम ठाकुर, कमलनारायण साहू, सतेश्वर साहू, पन्ना यादव, रमेश्वर सोनकर, दौवा साहू, पवन कोर्राम, रमन साहू, ओमेश यदु, हिरामन चन्द्रवंशी, दयानंद सेन, नंदलाल कुंभकार, प्रवेश ठाकुर, संतोष देवांगन, कोमल साहू, सतीष पांडे, डॉ. महेश कुंभकार को बनाया गया है।

विशेष आमंत्रित सदस्य में उत्तमचंद नाहटा, अनिल टावरी, मनबोधी पटेल, अरूण जैन, रमेश सोनी, रमजान बडगुजर, राजेन्द्र ठाकुर, हीरालाल ढोमणे, कृष्णकुमार शर्मा, मनोज हेमनानी, टेकराम निषाद, नारायण साहू, प्रमोद अग्रवाल, यदुराम नायक, अजय देवांगन हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्य डां. रम सिंह, संतोष पांडेय, किरण वैष्णव, भरत वर्मा, प्रदीप गांधी, खेदूराम साहू, दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन जैन, स्वरूपचंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, अंजू त्रिपाठी, रंजिता पडौती, जागृति यदु, शिव नारायण साहू, धनराज ठाकुर, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, डा. नीरेन्द्र साहू, बालकृष्ण सिन्हा हैं।

# ग्राम उत्कर्ष शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा



ग्राम पंचायत के गोंडवाना भवन प्रांगण में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलकसा, घोटिया, तोतलभरी, बाकलेड़ी, जटकन्हार, लेडीजोब, भैंसरा इत्यादि ग्राम के ग्रामीण शामिल हुए। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा थी। अध्यक्षता सरपंच उमाबाई धुर्वे ने की। विशेष अतिथि उतराबाई उईके, संजय उईके थे। कार्यक्रम की शुभारंभ बिरसा मुंडा और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुआ। पंचायत इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण में शिविर का उद्देश्य बताया । अतिथियों ने धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सिन्हा, श्रीमती धुर्वे, श्रीमती उईके, श्री उईके ने संबोधित किया। शिविर में विभाग प्रमुखों ने विभाग वार जानकारी दी।

#### बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

कार्यक्रम में अंजली धुर्वे आदि ने गोंडी गीत एवं बिरसा मुंडा पर आधारित गीत, नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान देवंतीन रामटेके, गायत्री डेकाटे, एस दुबे, कुंदन लिल्हारे, जया साहू, अमन कुमार, चंद्रेश्वर, विष्णु भगत, बालाराम, रोशनी गढ़वाल, कंचन वाल्दे, राज धृतलहरे, डिंपल बग्गा, ढेलाबाई, जीतेश्वरी मंडावी, पूजा मंडावी, अहिल्याबाई वर्मा, रामगुलाल धुर्वे, बरमत बाई छेदैय्या, चैतू मंडावी, राजू उईके, तेजराम उईके , अनिता धुर्वे, पार्वती मंडावी, सुरजा नेताम, तुलसी यादव, थनवारिन मंडावी , सेवादास साहू आदि उपस्थित थे। संचालन नरोत्तम सिंह कुंजाम तथा आभार केदान सिन्हा ने किया।

### प्रवेशोत्सव में बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

प्राथमिक और माध्यमिक शाला बजरंगपुर में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-वंदन किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली और छठवीं के बच्चों को गुलाल लगाकर मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेश एवं कापी वितरित किया गया। सरपंच रोशनी कोर्राम ने बच्चों को पेन व टॉफी देकर रोज शाला आने प्रेरित किया। इस अवसर पर गिरजा यादव, अहिल्या सेन, चमारिन चंद्रवंशी, गोपीराम साहू, शिक्षक वीरेन्द्र साहू, हेमलाल सहारे, हुमनसिंह पिस्दा, गजेन्द्र चौधरी, कांति साहू, रामनारायण साहू, हेमसिंह चन्द्रवंशी, रामदास मानिकपुरी, समय यादव, केजू साहू, सगर सिंह, अजय यादव, शकुन चंद्रवंशी, सरस्वती चंद्रवंशी, सोनबती चंद्रवंशी, निर्मला साहू, नेमा सहारे, अमरिका चंद्रवंशी, फुलिया यादव, अरद चन्द्रवंशी, कमला साहू आदि उपस्थित थे।

## संकल्प से सिद्धी पर संगोष्ठी आयोजित

# बेमिसाल 11 साल में जनता खुशहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ मंडल ने संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत का अमृत काल कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता खूबचंद पारख ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के पूर्ण होने पर विस्तार से जानकारी दी। श्री पारख ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है। सरकार ने हर वर्ग के लिए योजना शुरू किया है जिसका लाभ भी मिल रहा है।

पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कहा बीते 11 वर्षों में सबने देखा है यह किस केंद्र सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन नीरज यादव ने किया।

#### स्वच्छता की अपील

पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने नगर को स्वच्छ रखने का अपील करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने अटल जी की कविताओं के माध्यम से उद्बोधन शुरू करते हुए अपनी बात रखी। अंत में आभार प्रदर्शन वत्सला श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर अनिता उईके, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह, अमित जैन, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रदीप बाग, प्रकाश चौरडिया, संगीता टेंम्बुरकर, रामकृष्ण कन्नौजे, कैलाश तिवारी, विनीत यादव, परविंदरसिंह मोंटी, विजेंद्रसिंह ठाकुर, सविता दरगढ, विनय बंसल, भागवत नामदेव, अचलासिंह ठाकुर, दीपक ठाकुर, आवेश निगम, डिंपी महापात्र, राजेश कंडरा, नमिता चौबे, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी, अक्षय हटकर, संध्या यादव, दुर्गा, कार्तिक यादव, गायत्री निषाद, पदमा, बसना, दुर्गा यादव, शारदा यादव, संतोषी यादव, सावित्री यादव, गीता दुबे, देवकी वर्मा, ममता वर्मा, ममता मिश्रा, पूजा उजवने, इंदु यादव, अनिता इंदुलकर, सुलभसिंह, उमरावती, आकाश राजपूत, ओम प्रकाश साखरे, ललित शर्मा, शुभम, लोकेश इंदुलकर, अक्षय यादव, अजय शर्मा, डीके राव, सुमित ताम्रकार, देवेंद्र साखरे, रतन कोसे, अनीश निर्मलकर, शिवांगी साखरे, रेखा राजेश राघौते, बबीता साहू, शारदा यादव, प्रीति चमन समुद्रे आदि उपस्थित थे।

### ओला पीड़ित किसानों को मिली राहत, दोनों ब्लॉक में 50-50 लाख स्वीकृत

**खैरागढ़।** प्राकृतिक आपदा और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत देने राज्य शासन की पुर्नवास सहायता योजना अंतर्गत जिले में एक करोड़ की सहायता राशि वितरित की जाएगी। इसके अंतर्गत खैरागढ़ और छुईखदान ब्लाक को पचास पचास लाख रूपया आबंटित किश गया है। प्रशासन द्वारा प्रभावित किसानों का सर्वेक्षण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करने के बाद राहत राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। इस सहायता से फसल क्षति के चलते आर्थिक समस्या से जूझ रहे किसानों को राहत मिलेगी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में राजस्व व कृषि विभाग के प्रयास से वितरण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर सुनिश्चित किया कि जा रहा है।

# ब्राम्हण समाज के खिलाफ बेजा टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने की शिकायत थाने में की गई है। ब्राह्मण समाज ने थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि गत 17 जून को मिसियाबाड़ा निवासी रितेश कंडे ने अपने मोबाईल से ब्राह्मण समाज के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इस मामले को लेकर समाज प्रमुखों ने थाना प्रभारी से मुलाकात कर अनावेदक रितेश कांडे के विरुद्ध कार्यवाही करने मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष अनिल पांडे, आदित्य मिश्रा, सुमीत मिश्रा, लक्ष्मी नारायण पांडेय, धनंजय गिरधर, शुभम शर्मा, युवराज शर्मा, ललित शर्मा, हेमंत तिवारी, महेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, शिशिर मिश्रा, राहुल मिश्रा, अभिषेक तिवारी, राहुल ओझा, अमिताभ पांडेय, ऋषि शर्मा, द्रविन शुक्ला, ललित शर्मा, मयंक शर्मा, मयंक त्रिपाठी, आकाश पांडे, अशोक ओझा, राजन पाठक, रवि दुबे आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने टीम बनाकर संयुक्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कलेक्टर सख्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर विस्तृत समीक्षा बाद सभी संबंधित विभाग राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परविहन विभाग को टीम बनाकर संयुक्त कार्रवाई का सख्त निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए मल्टी-डिपार्टमेंटल फ्लाइंग स्क्वाड गठित कर लगातार निगरानी व कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वन विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में हो रहे अवैध उत्खनन व परिवहन पर सख्ती से निगरानी रखी जाए।

सभी संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग साथ कारवाई सुनिश्चित करे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त निर्माण एजेंसियों, ठेकेदारों को अंतिम भुगतान तभी किया जाए जब वे चालू कार्य की रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। बिना रॉयल्टी भुगतान के कार्यों की पूर्णता को मान्यता नहीं दी जाएगी।

### संयुक्त कार्रवाई के लिए टीम गठित

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में खनिज, परिवहन, वन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें बनाकर जिला स्तर पर सघन कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत वाहनों की जांच, भंडारण स्थलों का निरीक्षण और आवश्यकतानुसार जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से सतत निगरानी, प्रभावी संवाद और सामंजस्य बनाकर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को जड़ से समाप्त करने की दिशा में ठोस पहल करने कहा है।

### सामुदायिक जागरूकता पर देना होगा जोर

स्टॉप डायरिया अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला टॉस्क फोर्स मे शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक हुई। जहॉ दोनों ब्लाक के बीएमओ व बीपीएम ने अभियान से संबंधित प्रगति की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीयन, प्रथम तिमाही में जांच, चार या अधिक एएनसी, संस्थागत प्रसव को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। क्षेत्रीय स्तर पर गैप एनालिसिस के माध्यम से जो कमियां चिह्नित की गई हैं उन्हें दूर करने के लिए योजनाबद्ध रणनीति अपनाई जा रही है। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं की निगरानी सुनिश्चित करने, समय पर पंजीयन सहित स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया सुदृढ़ करने कहा साथ ही डायरिया की रोकथाम को लेकर सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों को तेज करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्वच्छ पेयजल, हाथ धुलाई और ओआरएस वितरण के माध्यम से बच्चों व माताओं को संक्रमण से बचाने की दिशा मे जिम्मेदारी से काम करने कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करना शासन की प्राथमिकता है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी स्तरों पर सक्रियता अपेक्षित है। उन्होंने टीम भावना से कार्य करते हुए स्टॉप डायरिया अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक, स्वास्थ्य अधिकारी, मलेरिया विभाग, महिला व बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोधी समाज के सर्किल अध्यक्ष पर लगाया आरोप, सामाजिक बंधनों की हो रही अवहेलना

- सामाजिक प्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



सामाजिक मान्यताओं और बंधनों को दरकिनार कर अपनी मनमर्जी करने वाले सर्किल लोधी समाज अध्यक्ष के खिलाफ सामाजिक प्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। लोधी समाज के मोतीराम वर्मा, ढालूराम वर्मा, देवीप्रसाद वर्मा, भूपत वर्मा सहित अन्य ने बताया कि बाजार अतरिया निवासी समाज के सर्किल अध्यक्ष प्रकाश वर्मा के अनैतिक काम, समाजिक बंधनों की अनदेखी के चलते समाज बदनाम हो रहा है।

जिम्मेदारी वाले पद पर रहने के बावजूद प्रकाश वर्मा सामाजिक बंधनों की खुलेआम अनदेखी कर रहा है। उन्होंने बताया कि विवाहित धर्मपत्नि को बिना वाजिब कारण के परित्याग करने के बाद वह किसी अन्य महिला के साथ गुजर बसर कर रहा है उन्होंने बताया कि इस मामले में कोर्ट में प्रकरण चल रहा है, लेकिन इससे समाज के युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। कुछ साल पहले समाज की एक महिला के साथ गलत कृत्य को लेकर भी विवाद सामने आया था, लेकिन प्रतिष्ठित लोगों ने समाज की बदनामी के डर से मामले का रफा दफा कर दिया जिसके कारण सर्किल अध्यक्ष प्रकाश वर्मा और ज्यादा उच्श्रृंखल हो गया है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले भी उसकी 16 साल की बेटी की संदेहास्पद ढंग से मौत हो गई थी लेकिन बिना ससुराल वालों को जानकारी दिए आनन फानन में उसका अंतिम संसकार कर दिया गया। लगातार सामाजिक बंधनों की उपेक्षा करने को लेकर जिम्मेदार पद मे होने के कारण प्रकाश वर्मा को समाज की ओर से समझाइश दी गई लेकिन उसमे कोई सुधार नही हुआ है।

### पूरी गतिविधि संदिग्ध

देवीप्रसाद वर्मा ने बताया कि उक्त कई घटनाओं के अलावा भी प्रकाश वर्मा की पूरी गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होती है जो उसके व्यक्तित्व मे अपाराधिक मानसिकता को प्रमाणित कर रहा है। समाज के जिलाध्यक्ष उत्तम जंघेल को भी उन्होंने नवंबर 22 में निर्धारित शुल्क जमा कर शिकायत आवेदन देकर कारवाई की मांग की थी, लेकिन कोई कारवाई नही हुई। तत्संबंध में उनके आवेदन पर 15 जून 25 को समाज के राष्ट्रीय सचिव नरोत्तम वर्मा, दुर्ग लोधी समाज अध्यक्ष बनऊ वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा, प्रदेश सचिव जोहन लाल वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाध्यक्ष उत्तम जंघेल को पत्र लिखकर प्रकाश वर्मा को सर्किल अध्यक्ष पद से हटाने कहा है। समाज की छवि को दागदार करने वाले प्रकाश वर्मा को अविलंब पद से हटाने की मांग करते हुए देवीप्रसाद वर्मा, ढालू राम वर्मा सहित अन्य ने कहा है कि इस प्रकार के मानसिकता वाले अध्यक्ष की कार्यशैली से समाज के युवा भ्रमित हो रहे है और समाजिक मान्यताओं व बंधनों की खुलेआम अवहेलना करने के बाद भी कारवाई सिफर होने से गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्किल अध्यक्ष के रसूख के चलते कोई आवाज नही उठा रहा है लेकिन प्रकाश वर्मा की पत्नि उनके गॉव की है जिसे प्रकाश वर्मा ने बिना ठोस कारण के परित्याग कर दिया है। गॉव घर की बेटी का दुख दर्द उनसे देखा नही जा रहा है इसलिए वो अन्याय के खिलाफ खड़े हुए है।

## खबर संक्षेप

### नागरिकों से रूबरू हुए पुलिस कप्तान

**छुईखदान।** थाना दिवस के अवसर पर पुलिस कप्तान ने थाना परिसर में नागरिकों, क्षेत्रवासियों और मीडिया कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में



उन्होंने नागरिकों और पुलिस के बीच मधुर संबंध बनाने पर जोर दिया। अवैध शराब, सट्टा जुआ के मामले में कड़ाई करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। पुलिस कप्तान लक्ष्य शर्मा ने अपने पहले प्रवास में जन चौपाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। पुलिस कप्तान ने बाहर से आए हुए लोगों का वेरिफिकेशन करने, बाइक चालक को परिवहन नियम का पालन कराने, एक जुलाई से हेलमेट की अनिवार्यता पर जोर दिया। जन चौपाल में शहर के अलावा ग्रामीण जन भी शामिल हुए। सभी ने जन चौपाल को सराहा। इस दौरान जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान, नीलम वैष्णव, अंकित महोबिया, दीनदयाल यदु, संजय महोबिया, पार्षद संजू नेताम, पन्ना मंडावी, विक्रांत चंद्राकर, शोएब रजा खान, अमित यादव, संजय तिवारी, निशांत वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### बिना मौके पर गए कर दिया जमीन का सीमांकन

**पटेवा।** घुमका तहसील अंतर्गत झूठी सीमांकन रिपोर्ट देने का मामला



प्रकाश में आया है। पटेवा निवासी मुरली प्रसाद साहू पिता झाड़ूराम साहू ने खसरा नंबर 1369 पर स्थित जमीन का सीमांकन कराने आवेदन दिया था। तहसीलदार ने टीम गठित कर सीमांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। सीमांकन के लिए गठित टीम में आरआई मिलिंद तावड़े, रंजीत सिंह, पटवारी गोपेश सिन्हा, नंदकुमार वर्मा, नीरज श्रीवास्तव शामिल थे। टीम ने मौके पर उपस्थित होकर किसान द्वारा आवेदित कृषि भूमि का सीमांकन नहीं किया जिसका खुलासा तब हुआ जब किसान मुरली प्रसाद साहू ने आवेदन क्रमांक 251440732200126 आधार पर कार्यवाही का विवरण आनलाइन निकाला। आनलाईन में भूमि का सीमांकन करना दर्शाया गया है। किसान ने गत दिनों कलेक्टर जनदर्शन में उपस्थित होकर फर्जी सीमांकन रिपोर्ट देने की शिकायत किया। उन्होंने कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

### जातिगणना के लिए राहुल का जताया आभार

**डोंगरगांव।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर युवा कांग्रेस ने सामाजिक न्याय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में राहुल गांधी की पहल से जातिगत जनगणना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में राहुल गांधी के संघर्षों को याद किया गया। कहा गया कि जातिगत जनगणना के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने के परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार को झुकना पड़ा है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश सेन, गणेश साहू, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, संध्या साहू, वीरेंद्र बोरकर, डॉ नरेंद्र साहू, रोशन यदु, वैशाली बोरकर, श्रुति शुक्ला, आरती, कमल वैष्णव, मोहनीश साहू, संजय मुटकुरे, प्रदीप रत्नाकर, मयंक यदु, संदीप रत्नाकर, राकेश साहू, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, हरेंद्र साहू, लोकेश सिन्हा, चेतन मानिकपुरी, उज्जवल निर्मलकर, पुष्पेंद्र नेताम, प्रेम सिन्हा, राकेश साहू, राजाराम पंचारी, जसराज ठाकुर, भूषण देवांगन, अमित ठाकुर, अब्दुल, यादराम पटेल, खिलेश्वर पटेल, सुभाष पटेल, करण साहू, हेमचंद पटेल, अजय आदि उपस्थित थे।

### संगी रे लहुट के आजा का प्रदर्शन आज से

**राजनांदगांव।** प्रसिद्ध संगीतकार बबला बागची निर्देशक के रूप में अपनी पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म संगी रे लहुट के आजा लेकर आ रहे हैं। उनके



साथ निर्माता के तौर पर सुशील गर्ग भी जुड़े हैं। संगी रे फिल्म छत्तीसगढ़ की पहली संगीत-प्रधान फिल्म बताई जा रही है। जिसकी कहानी दो गायकों के प्यार, उनके सपनों और संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। डायरेक्टर सतीश जैन इस फिल्म में दमदार अभिनय करते दर्शकों मंत्रमुग्ध अचंभित करते दिखाई देंगे। फिल्म में मुख्य भूमिका में नवोदित कलाकार प्रतीक के साथ अभिनेत्री सिल्की गुहा नजर आएंगी। प्रतीक इस फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी, सतीश जैन, सिखा चितांबरे, पुष्पेंद्र सिंह, योगेश अग्रवाल, सतीश जैन, सिग्मा उपाध्याय, हेमलाल कौशल और धर्मेंद्र अहिरवार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# मन्नूमल अध्यक्ष व हरीश महासचिव बनाए गए





- विजय कोषाध्यक्ष व पंकज बने धर्मशाला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनंदगांव पूज्य सिंधी पंचायत वर्ष 2025-27 की नई कार्यकारिणी का गठन सिंधु भवन में संपन्न हुआ।

जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मन्नूमल मोटलानी का नाम तीसरी बार स्वीकृत किया गया। अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। जिसके तहत हरीश मोटलानी को महासचिव का दायित्व सौंपा गया। वरिष्ठ सलाहकार के रूप में अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी, गुरमुखदास वाधवा का सम्मान किया गया।

कोषाध्यक्ष का दायित्व विजय गंगवानी को फिर से सौंपा गया। उपाध्यक्ष के रूप में अर्जुनदास गंगवानी, चंदन रूचंदानी, राजकुमार डुलानी, प्रहलाज चेतवानी बनाए गए। सचिव रमेश गिडवानी, पंकज जेठानी को भवन बुकिंग का प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी नितिन बत्रा, चंद्रपाल कटियारा एवं अशोक मोतीरामानी बनाए गए। खेलकूद प्रभारी गिरधारी पंजवानी एवं अशोक तेजवानी का चयन किया गया। भांडागार के लिए विनोद लुल्ला, रमेश गीडवानी एवं प्रहलाज चेतवानी प्रभारी बनाए गए।

प्रवक्ता एवं जनसंपर्क प्रभारी अमर लालवानी एवं अरुण डुलानी को जवाबदारी दी गई। जमीन एवं भवन निर्माण की जवाबदारी पवन गणसानी एवं नरेश मोटलानी, सिंधु भवन की व्यवस्था प्रभारी मनोहर पंजवानी, राजेश तेजवानी, मनोहर बजाज, पंकज जेठानी व मुकेश आहूजा बनाए गए।

अशोक झमटानी, प्रकाश वाधवानी, हरीश सोनी एवं अनिल गंगवानी कार्यक्रम व्यवस्था प्रभारी बनाए गए। कार्यकारिणी में गोविंद सिंह वाधवानी, गिरधारी तलरेजा, आसर जुमनानी, कमल चिचेरिया, गोवर्धन ललवानी, अर्जुन वाधवानी, सुनील उभरानी, दौलत रामचंदानी, मुरली पंजवानी, राजा माखीजा, मुरली फ़गवानी, संजय रिझवानी, जसबीर सिंह कांजबानी, शक्ति वाधवानी का चयन किया गया।

### सदस्यों का किया गया सम्मान

प्रवक्ता अमर लालवानी ने बताया कि बैठक की शुरूआत आराध्य देव साई झूलेलाल की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रथम औपचारिक बैठक में नए एवं पुराने सदस्यों का परिचय एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी एवं आवतराम तेजवानी ने नए सदस्यों को पंचायत की कार्यप्रणाली एवं अनुशासन से अवगत भी कराया। बैठक का संचालन महासचिव हरीश मोटलानी एवं अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा के साथ सभी को समाजसेवा में अपने योगदान के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

# बच्चों का मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**जालबांधा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं इंग्लिश मिडियम स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच संतोषी जयराम वर्मा, प्राचार्य केडी वर्मा, एचआर वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह, सदस्यगण राजेन्द्र वर्मा सरपंच पवनतरा, निलेश मंडावी, चन्द्रकुमार यादव, कैलाश सिन्हा, प्रमोद भगत, हेमंत, देशमुख, भूषण बंजारे, देवली सिन्हा, आरती बाई एवं स्कूल के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सरपंच संतोषी वर्मा ने बच्चों की पढ़ाई को लेकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# रूवातला में मना प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव।** नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 का प्रारंभ 16 जून से हो गया है। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला रूवातला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच उर्मिला शिव वर्मा, विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा एवं तरुण साहू द्वारा किया गया। सर्वप्रथम युक्तियुक्तकरण के तहत आए शिक्षक प्रीतलाल साहू एवं प्रेमचंद वर्मा तथा भारती देखमुख का स्वागत किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर व मुंह मीठा कर निःशुल्क गणवेश एवं पाठयपुस्तक प्रदान किया गया। न्यौता भोज में पुड़ी-भजिया सब्जी खिलाया गया। प्रधानपाठक एलके वर्मा द्वारा बच्चों को नियमित रूप से शाला आने प्रेरित किया गया। एलआईसी अभिकर्ता रोहित वर्मा की ओर से बच्चों को न्यौता भोज में केला वितरित किया गया। आरके साव द्वारा बच्चों को शपथ दिलाया



गया। कार्यक्रम में एलके वर्मा, बंदिश नेमपाण्डे, आरके साव, तिलेश्वर वर्मा, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, नीतू वर्मा, प्रीतलाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, भारती देखमुख, लोकमती वर्मा, सरिता साहू, चंदा वर्मा, केशव ख़ुटेल, चित्राखन वर्मा, बांके वर्मा, धीरजी वर्मा, टीकूराम साहू, सरस्वती कंवर, मीरा तिवारी, दूरपति कंवर, तामेश्वरी वर्मा, ठगन वर्मा, अमरीका नेताम, दूरपति मंडावी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीन वार्ड में गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया




गंडई नगर के वार्ड 11, 12 और 13 में जल आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे कुछ मोहल्लों में पानी की किल्लत हो गई है। दैहान चौक स्थित पानी टंकी के लिए लगाए गए बोरवेल में तकनीकी खराबी आने के कारण टंकी में पानी नहीं भर पा रहा है और नलों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

तकनीकी समस्या के चलते नगर पंचायत गंडई द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि मोहल्लेवासियों का कहना है कि टैंकर का पानी उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। दो दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे वार्डों के निवासी पीने और निस्तार के पानी के लिए परेशान हैं।

मोहल्ले के विष्णु यादव और युवराज देवांगन ने बताया कि यह समस्या दो दिनों से बनी हुई है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द बोरवेल की मरम्मत कर नियमित जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है।

## पीएमश्री लाल मूरत खुसरो विद्यादल में मना उत्सव

# उत्सव के साथ बच्चों का स्कूल में दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

पीएमश्री लाल मूरत खुसरो अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। अध्यक्षता बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, राजेश मेहता, अनिल अग्रवाल, जीवनदास रात्रे, रवि भवनानी, राकेश जायसवाल, धरमु पटेल, यतीश कुंजाम, प्रकाश पटेल, मनीष सोनी, अशोक पटेल, लीला साहू, उमा चौबे, रानी दुबे, सेवानिवृत्त व्याख्याता चंद्रमणि चौबे, भिखु हिरवानी, दीना जंघेल, सुखदेव पटेल, लिकेश साहू,



विक्की कुर्रे, योगेश साहू, जितेंद्र पटेल,नारद साहू, राकेश टंडन, बलराम साहू, केशव साहू,चिंता साहू सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य और शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### पुस्तकों का किया वितरण

इस मौके पर श्री सिंह ने विद्यालय की बुनियादी आवश्यकताओं को दुरुस्त करने की बात कही और विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया। तत्पश्चात नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुस्तक देकर प्रवेश दिलाया गया। कक्षा पहली से 12वीं तक में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अतिथियों ने मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में प्राचार्य पवन ददरया ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने न्यौता भोज का आयोजन किया।कार्यक्रम का संचालन मनीज दास ने किया।

# विष्णुपुर में श्रमदान कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** खुर्सीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता पैदा कर स्वच्छता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम में श्रमदान कार्यक्रम किया गया, ताकि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। इस अवसर पर उप सरपंच भागवत वर्मा ने कहा कि ग्राम में स्वच्छता की अलख जगाने व स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में उप सरपंच भागवत वर्मा, पंचगण कृष्णा यादव, सगनी गोंड, नीलम यादव, प्रिया यादव, अवधराम यादव, नंदे वर्मा, मुरली यादव, समीर ठाकुर, आयुष वर्मा, हितेश वर्मा, सुखराम ठाकुर, निर्मला ठाकुर, कली ठाकुर, कांती यादव, रोहनी वर्मा, राजकुमारी वर्मा, ममता वर्मा, गीता ठाकुर, बिसाहीन यादव, तिरिथ यादव, सोहागा यादव, जननी वर्मा, भोज यादव, जामबाई वर्मा, दयाबती गोंड, सावित्री वर्मा आदि का सहयोग रहा।

## सार समाचार

### संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** भाजपा राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार मंडल भाजपा तुमड़ीबोड़ में संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर आमसभा रखा गया था। मुख्य वक्ता छग पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु शामिल थी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, मंडल महामंत्री टिकम पटेल, गणेश्वर सिन्हा, जया तिमेश साहू, जितेन्द्र सिन्हा, निवेदन साहू, जितेन्द्र सिन्हा, गोकुल सिन्हा, दिलीप तिवारी, सुकदेव सिन्हा, अमरोतन साहू, नवीन परमार समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### बी.कॉम तृतीय के परिणाम घोषित



**राजनांदगांव।** एलीगेंट कॉलेज में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा बीबीए पंचम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें तीन छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.कॉम. तृतीय मार्च-अप्रैल 2024-25 के परिणाम अच्छे रहे। मार्च-अप्रैल 2024-25 में आयोजित बी.कॉम. तृतीय में प्रियांशी अग्रवाल प्रथम, दीप्ती देवानी द्वितीय एवं त्रिशला कोठारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी.कॉम. तृतीय में एलीगेट कॉलेज का शानदार परिणाम रहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन राजेश खंडेलवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता ने स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। संचालकों ने इस सफलता का श्रेय प्राचार्य अशोक जोशी के नेतृत्व एवं स्टाफ की कड़ी मेहनत को दिया।

### उपभोक्ता आंदोलन को सशक्त बनाने का निर्णय

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत एवं प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा के



नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचकर उपभोक्ता आंदोलन को सशक्त करने राष्ट्रीय अधिवेशन, ट्रेनिंग, प्रोग्राम एवं कार्यशाला में जानकारी ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बड़ी बहन व नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव शामिल थी। इस दौरान अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, विमलेश पांडे राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सूरी उपस्थित थे। इस अवसर पर देशभर के 23 राज्यों से आए अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने इस राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लिया।

### थंगेश्वर राष्ट्रीय कवि संगम के उपाध्यक्ष मनोनीत



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय कवि संगम राजनांदगांव के जिला कार्यकारिणी में रिक्त उपाध्यक्ष के पद पर थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता एवं साहित्यकार का मनोनयन सर्वसम्मत से किया गया। उक्त जानकारी देते राष्ट्रीय कवि संगम के राजनांदगांव जिलाध्यक्ष शैलेष गुप्ता ने थंगेश्वर कुमार साहू को शुभकामनाएं दी। श्री गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय कवि संगम के गतिविधियों के विस्तार के लिए भविष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय कवि संगम के संयोजक मनोज शुक्ला एवं संरक्षक डॉ. शंकर मुनिराय, पद्मलोचन शर्मा, गिरिश ठक्कर, तारिक ललानी, अनुराग सक्सेना, भूपत सिंह साहू, आरके देवांगन, खिलावन साहू, प्रकाश सहारे, रामकुमार कुर्रे, देवेश साव, श्यामकुमार शर्मा, अजय वाधवानी, गोपाल भानुशाली, सनी गजभिये, शुभम यादव, किशोर त्रिवेदी आदि ने साहू को बधाई दी।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**राजनांदगांव।** पेंशनर संगठन की मासिक बैठक 15 जून को ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में संपन्न हुई। महामंत्री सुधीर शेंडे ने संगठन को मजबूत बनाने एकजुट होने एवं पेंशनर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी संस्था को आगे बढ़ाने, सदस्य जोड़ने प्रेरित किया एवं दुर्ग से आई हसीना खान ने भी पेंशनरों को वैध संगठन से जुडने एवं आपस में तालमेल बिठाकर कार्य करने की बातें कही और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

वरिष्ठ निसार अहमद ने भी पेंशनर से संबंधी विभागीय त्रृटि से संबंधित जानकारी एवं कर्मचारी को रिटायर्ड होने के 3 माह पूर्व कोष एवं लेखा से संबंधित कार्य को पूर्ण करना एवं विभागीय त्रृटि को सुधार लेने की चर्चा की गई। नए सदस्य श्री अंसारी एवं हामिद हुसैन ने भी इस संबंध में अपनी बातें पेंशनरों के बीच रखी। कार्यक्रम का संचालन केडी साहू और आभार प्रदर्शन रमेश भोजवानी ने किया।

### सुंदरकांड महोत्सव की 19वीं माला की पूर्णाहुति 6 को



**राजनांदगांव।** श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों द्वारा वर्ष 2015 से प्रारंभ सुंदरकांड महोत्सव के 19वीं माला अर्थात 2052वां सुंदरकांड पाठ बर्फानी सेवा आश्रम समिति के तत्वावधान में 6 जुलाई को बर्फानी आश्रम मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा।

श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से राजू शर्मा, संदीप मिश्रा, योगेश कोटक, निखिल मिश्रा, श्याम शर्मा के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 19वीं माला का 108वां पाठ 108 भक्त जोड़ों के साथ 6 जुलाई को श्री बर्फानी आश्रम सेवा समिति के संयोजकत्व में आयोजित है। व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी।

बर्फानी आश्रम सेवा समिति के राजेश मारू, आलोक बिंदल, गणेश शर्मा, दीपक जोशी के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108वां पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 18 माला पूर्णता प्राप्त कर 19वीं माला के 100 पाठ पूर्ण हो चुके हैं। 19वीं माला का 108वां पाठ अर्थात 2052वां पाठ 6 जुलाई को मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में आयोजित है। समिति के अनुसार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से हनुमान का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5.31 बजे से श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।

## जिले में सौगान बरामदगी का सबसे बड़ा मामला

# पैरावट में दबी मिली लाखों रुपए के सौगान की सिल्ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वन परिक्षेत्र अंबागढ़ चौकी के ग्राम नेतामटोला में अवैध रूप से चल रहे बेशकीमती सागौन लकड़ी के अवैध कारोबार का भांडाफोड हुआ है। गांव के एक घर और बाड़ी से वनमंडल अधिकारी दिनेश पटेल के निर्देश में सर्च वारंट लेकर गांव पहुंची वन महकमे की टीम को डेढ़ ट्रक सागौन चिरान एवं लठ्ठा बरामद करने में सफलता मिली है। वन विभाग के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अब तक की यह सबसे कार्रवाई कार्रवाई और बरामदगी है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 18 जून दोपहर को फारेस्ट विभाग की अलग-अलग टीम एसडीओ फॉरेस्ट महेंद्र कुमार सिरदार के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अरजकुंड के आश्रित ग्राम नेतामटोला पहुंचे। सर्च वारंट के आधार पर नेतामटोला निवासी पंचू पन्द्रे पिता सुखलाल पन्द्रे के घर छापा मारा। वन विभाग की कार्रवाई के दौरान आरोपी पंचू के घर से बेहद मात्रा में सागौन के चिरान मिलने का सिलसिला शुरू हुआ। कार्रवाई चल ही रही थी कि चिरान के साथ-साथ घर के बाड़ी के पैरावट में छुपाकर रखे सागौन का मोटा-मोटा गोला बरामद करने में वन विभाग को सफलता मिली है।

#### इन्हें मिली सफलता कार्रवाई में

एसडीओ मनेंद्र कुमार सिरदार, वीरेन्द्र कुमार पटेल, वनपाल मनीराम पाल, वनपाल सुनील शर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी वन विकास निगम देवेन्द्र चौबे, रविशंकर पारकर, वनरक्षक धरमलाल कोरटिया, वनरक्षक तोरण ठाकुर, वनरक्षक रेखचंद भूआर्य, वनरक्षक धनेश्वरी साहू, वनरक्षक अनिल यादव की मेहनती भूमिका रही।

#### कहां से पहुंचा सागौन, जांच जारी



वन विभाग के मुताबिक इस बड़े मामले में आरोपी द्वारा अपने घर और बाड़ी में कहां-कहां से सागौन का गोला लाया गया है, इसकी विधिवत विभाग द्वारा जांच की जा रही है। वन विभाग ने इस मामले की जांच के लिए वन विकास निगम के अफसरों को भी लिया है।

#### कार्रवाई बरामदगी के लिए दो दिनों से जुटा हुआ है विभाग

वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल के निर्देश में वन परिक्षेत्र चौकी के अंतर्गत नेतामटोला में पंचू के घर में छापा मारा गया। पंचू के घर एवं बाड़ी से 115 नग सागौन लठ्ठा एवं 92 नग सागौन डेढ़ ट्रक चिरान छापे में जब्त की गई। कुल 6.820 घन मीटर लकड़ी जब्त किया गया है। जिसका विधिवत कार्रवाई किया जा रहा है। बरामद सागौन की कीमत लाखों रुपए में आंका गया है।

## कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहड़ गोलीकांड के मामले में मुख्य आरोपी संजय सिंह सहित सभी आरोपियों को 8 दिनों के भीतर गिरफ्तार करने की मांग करते कांग्रेस द्वारा एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेसियों ने कहा है कि संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन करते बसंतपुर थाना का घेराव किया जाएगा।

शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई करने एवं आठ दिन तक कार्रवाई नहीं होने पर थाना का घेराव करने की चेतावनी दी है।

#### सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह गोलीकांड के मामले में कांग्रेस सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एबीवीपी से संबंधित संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं होती है तो प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए अल्टीमेटम के अनुसार कांग्रेस द्वारा बसंतपुर थाना का घेराव किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

#### बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, महेन्द्र यादव, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, संतोष पिल्ले, सूर्यकांत जैन, शरद खंडेलवाल, माया शर्मा, आफताब खान, संदीप सोनी, भोला यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

#### गिरफ्तारी के लिए भेजी गई टीम

कांग्रेसियों द्वारा ज्ञापन देने के मामले को लेकर एएसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने राज्य और राज्य से बाहर पुलिस टीमें भेजी गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रधान आरक्षक की हादसे में मौत परिजनों को सौंपा 1 करोड़ का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

डयूटी के दौरान प्रधान आरक्षक की हादसे में मौत हो गई थी, जिस पर एसबीआई ने एक करोड़ रुपए का चेक जारी किया था, जिसे उनके परिजनों को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला में एक गरिमामय कार्यक्रम के तहत भारतीय स्टेट बैंक की ओर से प्रधान आरक्षक स्वर्गीय रमेश कुमार नेताम की पत्नी



द्रोपती नेताम और पुत्री ओमेश्वरी नेताम को 1 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया गया ।

#### योजनांतर्गत आर्थिक सहायता

28 जनवरी को प्रधान आरक्षक रमेश कुमार नेताम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वे मानपुर रोड पर फड़की के पास ड्यूटी के दौरान हादसे का शिकार हो गए थे। उनका सेलरी अकाउंट भारतीय स्टेट बैंक में था और वह पुलिस सेलरी पैकेज योजना के अंतर्गत आते थे। इसी योजना के अंतर्गत, दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रितों को यह आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

#### अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह और एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपक कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से चेक सौंपा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, शाखा प्रबंधक यतींद्र राव दामले, सहायक शाखा प्रबंधक साकेत कुमार झा, एसबीआई के अधिकारीगण और पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शंकरपुर में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** सदगुरु करुणामय सेवा संस्थान शंकरपुर राजनांदगांव के तत्वावधान में सदगुरु कबीर भवन शंकरपुर राजनांदगांव में 19 जून को सत्य पुरुष के नौतम सुरति अंश समर्थ पुरुष वचन वंश मुक्तामणि नाम साहब के करुणावतार वंश प्रतापाचार्य चौदहवें वंशगुरु परम पूज्य पंथ श्री हुजुर गृन्धमुनि नाम साहब के प्रकट दिवस पर महंत श्री गुहा दास साहेब जी के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सद्गुरु करुणामय ग्रंथ व भजन मंडली द्वारा भजन गायन किया गया तथा संतों द्वारा पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब के जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। साथ ही सदगुरु कबीर साहेब की अमृतवाणियों का भी रसापान कराया गया। कार्यक्रम में महंत रेऊदास साहेब, अध्यक्ष चिंताराम साहू , जेडी साहू, संतोष साहू , लक्ष्मण साहू, समेत अन्य लोग शामिल थे।

## मेडिकल कॉलेज जाने सर्विस रोड से जनता को राहत मिलेगी : डॉ.रमन



**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार शहर की समस्याओं के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। जैसे ही मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी, तुरंत ही डॉ. रमन सिंह ने इस पर संज्ञान लेते समय की मांग को देखते इस विषय पर गंभीरता से प्रयास शुरू कर दिया है।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर इस विषय पर तत्काल ही स्वीकृति प्रदान करने का निवेदन किया है। पत्र के तहत डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आरके नगर चौक और मेडिकल कॉलेज चौराहा के पास पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में बहुत जनहानि हुई है। अभी हाल में ही मेडिकल कॉलेज के पास नेशनल हाईवे में मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर का भी सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इन घटनाओं को दुखद बताते डॉ. रमन सिंह ने अटल बिहारी वाजपई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज पेंड्री से आरके नगर चौक तक के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने की मांग की है।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शहर अब विस्तारित हो रहा है। शहर के नागपुर दिशा की ओर मेडिकल कॉलेज एवं बर्फानी धाम और अन्य रहवासी कालोनियां तेजी से बढ़ गई है। इस ओर 2-3 प्रसिद्ध स्कूल और हजारों बच्चों के लगातार आने-जाने से आवागमन तेजी से बड़ा है, इसलिए सर्विस रोड बनाने की मांग की गई है। इस मांग के पूरी होने से शहर की जनता को राहत मिलेगी। इस प्रमुख समस्या पर सांसद संतोष पांडे ने भी परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखा था और मांग की थी कि सर्विस रोड बनाने से मेडिकल कॉलेज जाने वाली जनता को राहत मिलेगी।

## मेयर ने किया मिडिल स्कूल के मरम्मत कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने मोतीपुर स्कूल मैदान स्थित पूर्व माध्यमिक शाला मोतीपुर के भवन मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि महापौर मधुसूदन यादव की अनुशंसा पर डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छग विधानसभा एवं विधायक राजनांदगांव द्वारा डीएमएफ फंड से 9 लाख रुपए की राशि मोतीपुर मिडिल स्कूल मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृत की गई थी।

उक्त निर्माण कार्य हेतु नगर पालिक निगम राजनांदगांव को कार्य एजेंसी बनाया गया है। जिसके द्वारा स्कूल भवन मरम्मत एवं निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने मोतीपुर स्कूल के मरम्मत कार्यों का जायजा लेते आवश्यक सुधार हेतु दिशा-



निर्देश दिया एवं स्कूल में छात्र उपयोगी वाल राईटिंग के लिए भी आदेशित किया गया। उन्होंने स्कूल में उच्चगुणवत्तायुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने एवं प्रसाधन कक्ष को भली-भांति मरम्मत एवं नवीनीकरण के भी निर्देश दिए।

### सिंगदई स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**राजनांदगांव।** सिंगदई वार्ड नं. 50 में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदान कर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर मुकेश साहू, राकेश रावड़े, बरातू साहू, नोहर साहू, टीकम निषाद, संतोष देवांगन, जितेन्द्र निषाद, तिलोत्तमा बडगे, रंजना चौधरी, दिनेश्वरी पटेल, ईश्वरीलाल साहू, राजकुमार चंद्राकर, देविका साहू, सीमा निषाद, सुनीति निषाद, अनुराधा उपाध्याय, होमेश्वरी साहू, कमेलश्वरी निषाद, शोभा देवांगन, सविता नेताम, रीना साहू, चंद्रिका मानिकपुरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 24 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में 24 जून को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

## अवैध रूप से ले जा रहे रेत और मुरूम से भरे 5 वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** जिले में अवैध रूप से रेत परिवहन एवं उत्खनन की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर जिला प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत अवैध रूप से रेत एवं मुरूम परिवहन कर रहे पांच वाहनों पर जब्ती कार्रवाई की गई है। कार्रवाई अभियान से खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई लगातार की जा रही है। राजस्व टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी और धीरी तथा डोंगरगांव विकासखंड के बरगांव नदी घाट में अवैध रेत एवं मुरूम परिवहन पर 5 वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई की गई। एसडीएम खेमलाल वर्मा ने ग्राम सुरगी में रेत और मुरूम के अवैध परिवहन करने पर जब्ती की कार्रवाई की।

#### हाईवा, ट्रैक्टर जब्त

ग्राम सुरगी में रेत से भरी हाईवा सीजी 08 बीसी 7415 तथा मुरूम से भरी हाईवा सीजी 04 एचएम 8461 की जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही जेसीबी सीजी 08 पी 5746 डी तथा ट्रैक्टर सीजी 08 एआर 7810 को जब्त कर कार्रवाई की गई। इसी तरह एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बरगांव नदी घाट से अवैध रूप से रेत भरा हुआ ट्रैक्टर जब्त किया गया।






**पहल: जिले में शुक्रवार को घर-घर बनेगा सोख पिट, सोखता गड्ढा, नागरिक करेंगे श्रमदान**

# मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत जिले में चलेगा विशेष महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में वर्षा जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने की दिशा में मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत शुक्रवार को एक व्यापक जल संरक्षण महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरूवार को जिले के चारों विकासखण्ड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला व सहसपुर लोहारा के जमीनी स्तर से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्चुअल बैठक ली।

बैठक में सरपंच, उप-सरपंच, सचिव, पंच, रोजगार सहायक, सक्रिय महिला, कृषि सखी, पशु सखी, बैंक मित्र, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग व कृषि विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारी, महिला स्व-सहायता समूहों की अध्यक्ष और सचिव से ग्राम स्तर की तैयारियों की जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थें।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में गिरते भू-जल स्तर को संजीवनी देने और वर्षा जल के संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए जिले में मोर गांव-मोर पानी अभियान अंतर्गत शुक्रवार को जल संरक्षण महाअभियान चलाया जाएगा। इस विशेष दिन पर जिले के सभी नागरिक सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रमदान कर अपने-अपने घरों में सोख पिट सोखता गड्ढा, का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जमीनी स्तर के अधिकारी इसके लिए पूरी तैयारी कर ले। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में लोगों से संपर्क कर इसके लिए जागरूक करे। गांव में आज ही इसके लिए मुनादी कर दी जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान घर का पानी घर में गांव का पानी गांव में की सोच को साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह सभी के जन सहयोग से ही संभव हो सकता है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है।

**गिरते भू-जल स्तर की गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल**



बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि जल संरक्षण महाअभियान का मुख्य उद्देश्य कबीरधाम जिले में लगातार गिरते भू-जल स्तर की गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल करना है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में मोर गांव-मोर पानी अभियान के अंतर्गत सभी घरों में सोख पिट का निर्माण कर वर्षा जल को घर-घर में संरक्षित करने की योजना बनाई गई है। इस पहल के माध्यम से घर का पानी घर में और गांव का पानी गांव में की संकल्पना को मूर्त रूप दिया जाएगा। अभियान के दौरान लोगों को जल संरक्षण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए एक साथ एक ही समय पर शपथ दिलाकर जनसहभागिता को प्रेरित किया जाएगा।

**सोखता गड्ढा से भू-जल स्तर को सुधारने की दिशा में होगा ऐतिहासिक कदम**

सोख पिट की प्रभावशीलता को लेकर बताया गया कि एक सोख पिट वर्षाकाल में 2000 से 3500 सौ लीटर तक वर्षा जल को अवशोषित करने में सक्षम होता है। इस प्रकार जिलेभर में सोख पिटों के निर्माण से 20 हजार लाख लीटर से लेकर 30 हजार 500 लाख लीटर तक पानी को जमीन में रिसाया जा सकता है, जो जिले के भू-जल स्तर को सुधारने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा।

# राष्ट्रीय सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक

- खिलाड़ी सुचित्रा ने गोल्ड, वैभव व आरूही को सिल्वर व सुधांशु ने जीता कास्य पदक।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कराटे इंडिया आर्गेनिजेशन के तत्वाधान मे 11 से 15 जून तक देहरादून में राष्ट्रीय सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ से 87 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए। जिसमे कबीरधाम जिले से 25 खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमे कबीरधाम जिले को राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे 1 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कास्य पदक प्राप्त किए जिसमे सुचित्रा सिंह ने 10 वर्ष 25 किलो ग्राम मे तमिलनाडु, सिक्किम, मध्य प्रदेश एवं फाइनल में असम के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। वहीं आरूही श्रीवास 10 वर्ष 40 किलो ग्राम से अधिक वजन वर्ग मे पंजाब, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल मे प्रवेश कर महज 1 अंक से ओड़िसा के खिलाड़ी से पराजित होकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। साथ ही वैभव साहू 8 वर्ष 25 किलो ग्राम से कम मे ओड़िसा, राजस्थान, मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल मे किया व असम के खिलाड़ी से एक अंक से पराजित होकर सिल्वर मैडल प्राप्त किया।

वहीं सुधांशु चंद्रवंशी ने 7 वर्ष 25 किलो ग्राम से अधिक मे तमिलनाडु, तेलंगाना को हराकर सेमीफाइनल मे ओड़िसा के खिलाड़ी से पराजित होकर कास्य पदक मे संतुष्ट होना पड़ा। इसी प्रकार प्रेरणा राजपूत, स्वरा चन्द्रवंशी, मिली सोनी, स्वस्ति शर्मा, अंशिका चन्द्रवंशी, स्वेछा तिवारी, दिव्यांशी खुशरे, अदिति मानिकपुरी, तेजस्वत यादव, आदविक राय, वातशल्य दामले, मधुरी यादव, वीरेंद्र कुसरे, प्रायूष भुआर्य, भव्य श्रीवास, दुर्गेश कुसरे, श्रीजन डेकाटे, फाइज रजा बेग, पेखराज साहू, चैतन्या दुर्रकर ने भी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों के जिला वापसी पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी एवं उनकी टीम खिलाड़ियों का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ तिलक लगाकर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर कबीरधाम जिला कराटा संघ के पदाधिकारी गण, अभिभावक गण एवं सभी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

# कृषि कल्याण अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी के प्रयास से मिला एक पंचायत से दूसरे पंचायत तक आने जाने का सुविधा



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बटुरा-कछार के आश्रित ग्राम कोदवा निवासी सुखचैन के घर से ग्राम सुखाताल स्कूल पहुंच मार्ग तक मुरूमीकरण चौड़ीकरण तथा अवैध कब्जा को छोड़ाकर रोड को चौड़ा किया गया। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर रोड निर्माण कराया गया ताकि ग्रामीण नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को बरसात के दिनों में आने जाने में बुनियादी सुविधा मिल सके। वहीं अवैध कब्जा को हटवाने के लिए सराहनीय भूमिका रही। जिस पर कृषि कल्याण अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, रेवाराम रात्रे तथा सरपंच राधिका धनसाय एवं गांव के प्रमुख नागरिकों के उपस्थिति में अवैध कब्जा को हटवाया गया और चौड़ीकरण कर मुरूमीकरण का कार्य संपन्न किया गया, ताकि ग्रामीणों व राहगीरो को एक गांव से दूसरे गांव तक पहुंच सके व आने जाने में बुनियादी सुविधा मिल सके।

# राहुल गांधी का 55वां जन्म दिन फल वितरण कर धूमधाम से मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55वां जन्मदिन पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र में मरीजों को फल वितरण कर मनाया गया। वहीं बड़ी संख्या में कांग्रेसियों द्वारा फल वितरण कर मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि नेता राहुल गांधी करोड़ों भारतीयों की उम्मीद हैं, किसानों, नौ-जवानों, दलितों, शोषितों और वंचितों की आवाज हैं। उनके जन्म दिन पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

साथ ही साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की टीम ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायू व यशस्वी जीवन की कामना की। फल वितरण कार्यक्रम में गुरुदत्त शर्मा, मनीष शर्मा, खोवाराम भास्कर, राजेन्द्र यादव, रवि चंद्रवंशी, अतुल बरगाह, संजू तिवारी, मनोज राजपूत, शैलेन्द्र गुप्ता, विवेक जैन, सुनील ठाकुर, विकास देवांगन, तामस्कर यादव, त्रिलोकचंद निर्मकलर, दिलीप चंद्रवंशी, अर्जुन साहू, सुजीत कुम्भकार, विनोद यादव, बेदु निर्मलकर, अजय बंजारे, राहुल चंद्रवंशी, श्रवण साहू, आरिफ खान, रमा विश्वकर्मा, सोनू यादव सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# नाली की साफ-सफाई कर किया जन-जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कंझेटा निवासी राजेश चंद्रवंशी द्वारा सराहनीय पहल करते हुए अपने घर के सामने नाली की साफ-सफाई कर जन जागरूक किया। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत कंझेटा की भारी अनदेखी व अनियमिमता के कारण नाली की साफ सफाई नही होने के कारण गंदगी से उठने वाली बदबू से ग्रामीण रहवासियों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं साफ सफाई अभाव के कारण पानी के जमवाड़ा से मच्छर पनकने लगा है, जिससे ग्रामीणों को डेंगू मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारिया की संभावना बनी हुई है। जिस पर श्री चंद्रवंशी द्वारा स्वयं जनहित के लिए अपने घर के सामने नाली की साफ सफाई कर लोगों को जन जागरूक किया। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा नाली की साफ-सफाई कर ग्राम पंचायत को संपूर्ण स्वच्छ व सुंदर बनाने अपील की गई।

**विश्व कप के कवरेज के लिए मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के हाथों नितेश सम्मानित**



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य के ख्यात क्रिकेट कमेंटेटर, खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा को 2023 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार कवरेज के लिए एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने शाल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम रायपुर के एक होटल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में देश के प्रख्यात पत्रकार आलोक मेहता एवं हिमांशु द्विवेदी भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। नितेश पिछले वर्ष रायपुर में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लींग में कमेंट्री कर चुके हैं। इसके अलावा वे भोपाल से प्रकाशित खेल पत्रिका नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स में नियमित समीक्षा लेख लिखते हैं। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनके 150 से अधिक लेख, साक्षात्कार आदि प्रकाशित हो चुके हैं। दूरदर्शन एवं आकाशवाणी रायपुर से भी उनकी प्रस्तुतियां नियमित रूप से प्रसारित हो रही हैं। वे देश के उन गिने चुने खेल समीक्षकों में से हैं जिन्हें बीसीसीआई ने अहमदाबाद में खेले गए 2023 के वर्ल्ड कप के फाइनल में कवरेज के लिए अधिकृत रूप से चुना था। ज्ञात हो कि नितेश ने पिछले सात वर्षो में खेल समीक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। वे लगातार दो वर्षों तक रायपुर में आयोजित रोड सेफ्टी टूर्नामेंट एवं एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच को भी कवर कर चुके हैं। पिछले वर्ष नागपुर में भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट मैच को व नई दिल्ली में आईपीएल मैच को भी उन्होंने कवर किया था। उनकी इस उपलब्धि पर संजीव, युवराज, विष्णु, सुनील, जितेन्द्र, दानेश्वर सहित मित्रों ने बधाई दी।

# देश में बेहद जरूरी कदम हैं जाति जनगणना: वाल्मिकी वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुखाताल में भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, देश के गरीब एवं शोषित वर्गों की बुलंद आवाज राहुल गांधी के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सर्वप्रथम देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र में पूजा अर्चना कर सामाजिक न्याय संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कांग्रेस के वरिष्ठ जनो ने जाति जनगणना संवाद कार्यक्रम में कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी सत्येंद्र वर्मा, जयचंद वर्मा, संजय ध्रुर्वे, मनोज चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

युवा कांग्रेस विधानसभा समन्वयक अश्वनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य जातीय जागरण एवं सामाजिक समरसत्ता को लेकर विचार-विमर्श करना है, साथ ही राहुल गांधी के संघर्षशील व्यक्तित्व द्वारा गरीबों शोषितों के आवाज के हित के लिए उठाए गए जातीय जागरण करने के दूरदर्शिता वाली सोच के प्रति आभार प्रकट करना है। राहुल गांधी ने शोषित वर्गों की आवाज के लिए हमेशा अपनी आवाज उठाई है और हम सभी गौरांवित है कि राहुल गांधी हमारे नेता है, राहुल गांधी देश के भविष्य और हम सबके आवाज है, उन्होने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो सबसे पहला काम जाति जनगणना करवाने का किया जाएगा, कांग्रेस का क्रांतिकारी कदम होगा।

भाजपा ने व्यापारियों को 16 लाख करोड़ रुपए वितरित किए हैं, लेकिन हम जनता के बीच बांटेंगे। दुनिया की कोई भी ताकत जाति जनगणना को नहीं रोक सकती। जिससे खुलासा हो सकेगा कि कौन से समुदाय सबसे ज्यादा लाभान्वित हो रहे हैं या हुए हैं और सामाजिक-आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए समाज में क्या किए जाने की आवश्यकता है। यह जाति जनगणना से ही संभव है।

उक्त कार्यक्रम में अरुण वर्मा, पुनाराम साहू, अजय वर्मा, चंद्रहास बंजारे, फिरंता यादव, रतन लाल, अमर, लक्ष्यकुमार, मधुसूदन, भागवत, युगलकिशोर, इतवारी राम साहू, अंगद प्रसाद, रमेश वर्मा, धनेश्वर, ईश्वरी, अमित, पंचराम, तुलसीराम, शिवशंकर, आयुष, कौशल सहित आसपास के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# सेवा-सुशासन गरीब कल्याण, विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



बुधवार को कुण्डा मंडल शक्ति केंद्र ग्राम पेंड्रीकला में विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुण्डा मंडल अंतर्गत पेंड्रीकला बूथ में कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं ग्रामवासी शामिल हुए। प्रधानमंत्री के 11 वर्ष कैसे स्वर्णिम वर्ष के रूप में लोगों के जीवन को परिवर्तन किया, उसे जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। वक्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखते हुए बताया की कैसे 2014 के बाद किसानों की जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन आया, जिस तरह से पीएम मोदी ने संकल्प लिया था की किसानों का आय दोगुनी करके दिखाऊंगा, उसे सिद्ध करके दिखाया। देश 11 करोड़ किसानों को 3.7 लाख करोड़ रूपए किसान सम्मान निधि के रूप में देकर उनका मान बढ़ाया। एक पूर्व प्रधानमंत्री हुए जो सार्वजानिक रूप से कहा करते थे की मैं एक रुपए भेजता हूं और जनता तक 10 पैसा पहुंचता है, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के पैसे को सीधा उनके खाता में भेजने का कार्य किया, कि भ्रष्टाचार के खिलाफ डिजिटल लेंन-देंन ने एक मुहिम का काम किया। जिसका परिणाम है की आज देश तेजी से तरक्की कर रहा है, प्रधानमंत्री का सपने का भारत कैसा हो इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न, आज देश में कुपोषण में कमी आई है अब लोग भूखा नहीं सो रहे हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में कुण्डा मंडल पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, रामस्वरूप साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, राजकुमार कश्यप, शेखर चंद्रवंशी, दीपक चंद्राकर, देवेन्द्र चंद्रवंशी, हरीश जायसवाल, भाईराम पटेल, बसंत बर्वे, मेलू चंद्राकर, गोविंद साहू, पिल्लू साहू, ढेरसिंह धुर्वे, आनंद साहू, भुनेश्वर साथ ही भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थें।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अमृत पीढ़ी हो रही सशक्तः दिनेश मिश्रा**

# भाजपा मण्डल कुण्डा का सुकली-गोविंद में विकसित भारत संकल्प सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार प्रदेश भाजपा के आव्हान पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंद्र सुकली-गोविंद में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरव पूर्ण 11 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा संकल्प से सिद्धि तक भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु कुण्डा मण्डल द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का कार्यक्रम आयोजन कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं बेमेतरा जिला प्रभारी दिनेश मिश्रा एवं सह प्रभारी मालिक राम यादव के उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम के प्रभारी दिनेश मिश्रा एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा विकसित भारत 2047 संकल्प भारत का जन जागरूक नागरिक विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ ली। उक्त कार्यक्रम मे सूरज यादव, मलिकराम यादव, सरपंच श्रीमती राजेश्वरी अनुज दिवाकर, बूथ अध्यक्ष कमलेश यादव, रज्जू बंजारे, रामगोपाल पदुमदास, मनोज पात्रे, राजेश, रेखसिंह, गोलू, उमाशंकर, संतोष, गन्नू यादव, कुमार जोगी, इंद्रसेन, रोहित, रेखाराम, शिवकुमार, भाजपा मण्डल कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**पीएम नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में गरीब की सेवा वंचितों का सम्मान**

संकल्प सभा की संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रभारी दिनेश मिश्रा ने कहा नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में गरीबों की सेवा वंचितों का सम्मान हुआ, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से भी अधिक पीएम आवास बनाए गए, हर घर जल योजना के अंतर्गत 15 करोड़ से भी अधिक ग्रामीण परिवार को नल जल योजना का लाभ मिला। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 51 करोड़ से भी अधिक लोगों को सुरक्षा कवरेज, पीएम स्व-निधि योजना के तहत 68 लाख से भी अधिक रेहड़ी पटरी विक्रेताओं को बिना जमानत ऋण उपलब्ध कराया गया। वही उन्होने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

## खबर संक्षेप



### सड़क दुर्घटना एक की मौत, दूसरा घायल

**कवर्धा।** जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कापादाह पुल में एक टैंकर की चपेट में आए मोटर सायकल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं घायल ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम दो ग्रामीण अपनी मोटर सायकल से ग्राम कापादाह होते हुए कहीं जा रहे थे। इसी दौरान वे पुल के ऊपर से गुजर रहे एक टैंकर की चपेट में आए और गंभीर चोट आने के कारण एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 24 जून को

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 24 जून को समय-सीमा की बैठक के उपरांत जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित किया जाएगा। बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय में एजेण्डा अनुसार अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### कलेक्टर से विकास के मुद्दों पर चर्चा

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने टीम के साथ कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर की वर्तमान स्थिति और विकास के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कई महत्त्वपूर्ण बातें रखीं। अध्यक्ष खुशरो के साथ पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, मोहसिन खान, रंजीत चंदेल मौजूद थे। नगर अध्यक्ष ने नगर में हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रशासन से इस पर कार्रवाई करने और प्रशासनिक कसावट लाने का आग्रह किया ताकि नगर का व्यवस्थित विकास हो सके।

### योग शिविर 21 तक

**बोरतालाव।** आयुष संचनालय के निर्देशन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष आरोग्य मंदिर में ५ दिवसीय योग शिविर का आयोजन 17 ये 21 जून तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ गत दिनों भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना कर सरपंच कैलाश ऊके ने किया। इस मौके पर उपसरपंच, श्री मानकर, श्री इक्का, योग शिक्षक चमन चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### पहले दिन किताब का वितरण

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला गुंडरदेही में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संदीप मेश्राम थे। इस मौके पर सरपंच रवि नेताम, तिलोका सिन्हा, भुनेश्वरी साहू, उत्तराबाई, नीतू विश्वकर्मा, मनीषा साहू, शाला समिति अध्यक्ष, प्रधानपाठक सहित अन्य मौजूद थे।

**विरोध:** मध्यप्रदेश के कत्लखाना ले जाए जाने की आशंका, स.लोहारा पुलिस ने की कार्रवाई

# नहीं थम रही पशु तस्करी, तस्करों से जब्त किए गए 27 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/स.लोहारा

जिले में पशु तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। आलम ये है कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आए दिन बड़ी संख्या में न सिर्फ पशु तस्कर दबोचे जा रहे है बल्कि इनके कब्जे से बड़ी संख्या में पशु भी बरामद किए जा रहे हैं। लगातार सामने आ रहे पशु तस्करी के इन मामलों को देखकर कहना गलत नहीं होगा कि जिले में पशु तस्करों का बड़े और सक्रिय गिरोह बड़े ही सुनियोजित ढंग से काम कर रहा है। जिसे लेकर पुलिस, प्रशासन और शासन को गंभीरता दिखाने की जरूरत है। ताजा मामला जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र से सामने आया है। जिसमें थाना सहसपुर लोहारा की टीम द्वारा पशु तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 05 महिला एवं 02 पुरुष कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 27 नग भैसा (पड़वा) अनुमानित कीमत आरएस 1,92,000 की बरामदगी भी की है, जिन्हें गवाहों के समक्ष जप्त कर गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बबई क्षेत्र में पहुंचे पुलिस दल को सूचक गोपीराम साहू द्वारा बताया गया कि ग्राम मोहगांव से 05 महिलाएं एवं 02 पुरुष 27 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक डंडे से हांकते हुए, बिना चारा-पानी के लॉजी मध्यप्रदेश की ओर ले जा रहे हैं। जहां उन्हें कत्लखाना पहुंचाने की आशंका है। इस पर प्रार्थी द्वारा थाना सहसपुर लोहारा में प्रस्तुत लिखित आवेदन के आधार पर पशु तस्करी व पशुओं के साथ क्रूरता के संबंध में थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 134/25, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11(1) (क) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### गिरफ्तार किए गए सात पशु तस्कर



पशु तस्करी के इस मामले में स. लोहारा पुलिस पशुओं की तस्करी करने वाले कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पांच महिलाएं और दो पुरूष शामिल है। आरोपियों में श्रीमती फुलबाई पति रवि ध्रुवे, आयु 40 वर्ष, निवासी ग्राम काटी बिरसोला, धन्ना ध्रुवे पिता राजू ध्रुवे, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम बिरझोला, थाना रावणवाड़ी, श्रीमती छाया ध्रुवे पति अजय ध्रुवे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम काटी बिरसोला, भीमसेन मेरावी पिता स्व. लल्लू सेन, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, थाना रावणवाड़ी, श्रीमती लालूबाई पति भीमसेन, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, श्रीमती राधाबाई पति स्व. सेवाराम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बगदई, थाना लॉजी, जिला बालाघाट तथा श्रीमती बबलीबाई पति नानू मेरावी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) शामिल है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही उपरांत उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक लालमन साव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

# सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए प्रशासकीय प्रक्रिया शुरू

- ग्रामीणों की मांग को मिली स्वीकृति की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा सड़क निर्माण सहित पुल पुलिया के निर्माण की दिशा में विशेष प्रयास किया जा रहा है।

जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बेंदा एवं बीजाझोर गांव की महिलाएं, गर्भवती माताएं, स्कूली बच्चे और ग्रामीण सकरी नदी को पार करने के लिए आज भी पारंपरिक और असुरक्षित साधनों का उपयोग करते संबंधित सूचना कलेक्टर गोपाल वर्मा को लगातार मिल रही थी। कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रो की समस्याओं को संज्ञान लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण उपसंभाग कवर्धा द्वारा जानकारी दी गई है कि भोरमदेव-छेरकीकछार मार्ग पर चौरा के पास स्थित सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के बजट मांग संख्या 24/5054 (7976) जवाहर सेतु योजना के अंतर्गत सम्मिलित की गई है। विभाग ने बताया कि पुल निर्माण के लिए कुल 382.55 लाख रुपए की राशि का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता, सेतु मंडल रायपुर के माध्यम से शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि इस पुल के निर्माण से करीब 13 गांवों की लगभग 8027 की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। वर्तमान में सकरी नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को प्रसव जैसी आपात स्थितियों में भी चारपाई या अस्थायी साधनों से नदी पार करनी पड़ती है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए पानी में उतरना पड़ता है, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा पहले से इस परियोजना को प्राथमिकता में रखते हुए बजट वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक प्रावधानों में 20 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था।

अब विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# विधायक की भावना की पहल से बदल रहा पंडरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान



समाज सेवा एवं लगातार जनसरोकारों से जुड़ी रहकर अपने मिलनसार और सौम्य व्यक्तित्व के अलावा हंसमुख स्वभाव से वनवासियों का दिल जीतकर वनांचल के जनमानस को रिझाने वाली श्रीमती भावना बोहरा का नाम आज प्रदेश की बेहद सक्रिय, ऊर्जावान और मुखर ही नहीं बल्कि उत्कृष्ट विधायक के रूप में दर्ज हो चुका है। चुनाव से पूर्व ही अंचलवासियों और खासकर महिलाओं के बीच भावना दीदी के नाम से पापुलर होने वाली श्रीमती बोहरा पंडरिया विधानसभा के इतिहास में वह पहली नेता हैं जिसे चुनाव के पूर्व ही जनमानस ने अपना विधायक स्वीकार कर लिया था। जिसके संस्कारों में जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति और समाज सेवा रची बसी हो तो उसके भीतर की भावनाएं भी अच्छी ही होती हैं और श्रीमती भावना बोहरा ने एक जनप्रतिनिधि के रूप में इसे बीते अल्प समय में ही साबित कर दिया है। जनता की दैनिक जीवन से जुड़ी क्षेत्र की छोटी बड़ी ज्वलंत समस्याओं के अलावा समय-समय पर प्रशासनिक विसंगतियों को लेकर विधानसभा में सवाल उठाने वाली श्रीमती बोहरा न केवल क्षेत्र में लगातार दिखाई देती हैं बल्कि अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठकें भी करती हैं जिससे वर्षों से व्याप्त प्रशासनिक जड़ता दूर होती दिखाई दे रही है। विधायक द्वारा विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से सतत संपर्क और सीधे संवाद की स्थिति बनाए रखने से सरकारी दफ्तरों में बिचौलियों पर भी रोक लगी है। श्रीमती बोहरा ने अपने लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान जहां क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है, वहीं राजनीतिक प्रेक्षक उनके द्वारा निर्माण और विकास कार्यों में होने वाली कमीशनखोरी और सरकारी विभागों से वसूली जैसी आम हो चुकी दागदार परंपरा पर कड़ाई से रोक लगाए जाने को भी बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं।

### क्षेत्र में दलाली और कमीशनखोरी पर अंकुश

सरकार चाहे किसी भी दल की हो सत्ता पक्ष के होने और क्षेत्रीय विधायक से संबंधों की आड़ में दलीय कार्यकर्ता तथा छुटभैये नेताओं पर कमीशन खोरी व सरकारी विभागों से वसूली के आरोप लगना आज की राजनीति में आम हो चुके हैं। जिसके चलते न केवल क्षेत्रीय विधायक की छवि दागदार होती है बल्कि सरकारी विभागों में भ्रष्ट्राचार को भी बढ़ावा मिलता है। इसे शुभ संकेत ही कह सकते हैं कि श्रीमती भावना बोहरा ने अपने क्षेत्र में इस राजनीतिक बुराई पर कड़ाई से अंकुश लगाने में सफलता पाई है। भाजपा सूत्रों की मानें तो पार्टी के भीतर कुंडली मार कर बैठे ऐसे तत्वों को क्षेत्रीय संगठन के दायित्वों से भी मुक्त करके ठीक ठाक काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जा सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है.। यह बात दीगर है कि अभी तक जो लोग सरकारी कार्यों में कमीशन खोरी और वसूली को अपना विशेषाधिकार मानते हुए इन्हें पेशा बनाकर चल रहे थे उन्हें यह नागवार लग रहा है और क्षेत्र में ऐसे लोगों का एक असंतुष्ट खेमा भी बनता दिखाई दे रहा है। बहरहाल राजनीति में कोई सर्व मान्य और हृदय से सर्व स्वीकार्य हो ऐसा बहुत ही कम होता है। इतना जरूर कहा जा सकता है कि पंडरिया विधायक के रूप में श्रीमती भावना बोहरा राजनीति से जुड़े लोगों के परे आम जन मानस के नजरिए से खरा उतरती दिखाई दे रही हैं।और लोकतंत्र में जो नेता,जनभावना के साथ होगा,जनता उसे अपने सर आंखो पर रखेगी।

## मानसून का इंतजार...



कवर्धा। खेती किसानी की तैयारियों में जुटे अंचल के किसानो को अब मानसून का इंतजार

# एसबीआई के स्थापना वर्ष पर मेगा रक्तदान शिविर आज

- जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राष्ट्र सेवा में सदैव अग्रणी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने 70 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 20 जून शुक्रवार को जिला चिकित्सालय कवर्धा में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक संचालित होगा। राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान 2025 के तहत यह शिविर राज्य सहित पूरे देश में एक साथ आयोजित हो रहा है। भारतीय स्टेट बैंक, शाखा कवर्धा के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आम नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की गई है।

शाखा प्रबंधक सत्येंद्र कुमार आरस, मुख्य प्रबंधक सुधीर भट्ट एवं सहयोगी रंजन कुमार ने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे किसी की अनमोल जिंदगी बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त से तीन जरूरतमंदों को जीवनदान दिया जा सकता है। यह न सिर्फ सामाजिक दायित्व है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। रक्त संचार बेहतर होता है, हृदय स्वस्थ रहता है और कैंसर की संभावना भी कम होती है।

इस अवसर पर उपस्थित होकर रक्तदान कर अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करें और मानवता की सेवा में सहभागी बनें।

# किसानों की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा सीएम व कलेक्टर के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय किसान संघ ने किसानो की विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा जिला कलेक्टर के नाम जिले की सभी तहसीलों में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

बीते बुधवार को भारतीय किसान संघ के तहसील ईकाई रेंगाखार, कुण्डा, पिपरिया, कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहारा तथा बोड़ला में संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि संघ ने मुख्य रूप से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने और समितियों में खाद की सुनिश्चित उपलब्धता करने की मांग की है। उन्होने बताया कि जिले की सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता न के बराबर है जिसके कारण किसान खाद न मिलने से परेशान है। वहीं बहुत से निजी कृषि केन्द्रों में खाद अधिक दामों पर विक्रय की जा रही है। कई स्थानों पर निजी कंपनियों द्वारा खराब गुणवत्ता की खाद किसानों को बेचे जाने की भी शिकायत मिली है।

यह स्थिति प्रशासन व संबंधित अधिकारियों की उदासीनता और दुकानदारों से मिलीभगत की ओर संकेत करती है। श्री चन्द्रवंशी ने शासन से धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि का लाभ किसानों दिए जाने की भी मांग की है। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष धान के समर्थन मूल्य में आरएस 117 प्रति क्विंटल तथा इस वर्ष आरएस 69 प्रति क्विंटल की वृद्धि की है, किंतु यह लाभ किसानों को अब तक नहीं मिल पाया है। जिसका भुगतान किसानो को होना चाहिए।

इसी प्रकार संघ ने किसानो को फसल विविधीकरण के लिए 20000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दलहन तथा तिलहन उत्पादन के लिए प्रदान किए जाने की मांग शासन से की है।

ज्ञापन सौपने के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, महामंत्री जीवन यादव, कोषाध्यक्ष द्वारिका चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, कमलेश चंद्रवंशी, अदिति कश्यप, विकाश चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, मूलचंद शाहू, झम्मन चंद्रवंशी, भागवत चंद्राकर, पंकज वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वनभूमि पर अतिक्रमणकारी गिरफ्तार



**पंडरिया।** वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत परिसर चतरी के कक्ष क्रमांक पीएफ 525 में अवैध अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणकारी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी की टीम के द्वारा वन क्षेत्र में किए गए अवैध कब्जे को खाली कराकर संलिप्त आरोपी संतोष पिता सुद्धूराम श्रीवास, निवासी ग्राम कोदवागोड़ान, थाना-कुकदूर, जिला-कबीरधाम के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)क, धारा 33(1)ग, धारा 33(1)घ, धारा 33(1)ङ एवं वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(16),(ब), धारा 51, 52 एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3, 4 के तहत कार्यवाही किया जाकर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20712/20 दर्ज किया गया एवं 19 जून को जांच कार्यवाही के दौरान विधिवत आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्टेट, पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को 14 दिन के न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। अतिक्रमणरोधी कार्यवाही में निखिल अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा के निर्देशन, सुयश धर दीवान, उपवनमण्डलाधिकारी, पंडरिया के मार्गदर्शन एवं महेन्द्र कुमार जोशी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया (पूर्व) के कुशल नेतृत्व में देवनाथ सिदार, विक्रांता सिंह प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, सुभाष चन्द्र भारद्वाज, संतोष सिंह साकत, दिलीप कुमार चन्द्राकर, जोधन सिंह ठाकुर, वनपाल, सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, वनरक्षक ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

रामबिलास अध्यक्ष, अर्जुन उपाध्यक्ष, राजीव को सचिव पद की मिली जिम्मेदारी

# ठेकेदार संघ की बैठक में नवगठित कार्यकारिणी बनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ठेकेदार संघ जिला कबीरधाम इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आदिवासी मंगल भवन, कवर्धा में आयोजित की गई। बैठक में संरक्षक के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, तिलक चन्द्रवंशी, सियाराम चन्द्रवंशी, विद्यानंद चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ठेकेदारों की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ का जिला अध्यक्ष रामबिलास चन्द्रवंशी को, उपाध्यक्ष अर्जुन वर्मा को, कोषाध्यक्ष रोहित चन्द्रवंशी को तथा सचिव राजीव चन्द्रवंशी को चुना गया। सभी पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों की पूर्ण सहमति से मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के सक्रिय और पंजीकृत ठेकेदारों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। बैठक में मुख्य रूपए से रामबिलास चन्द्रवंशी, राजीव चन्द्रवंशी, विद्यानंद चन्द्रवंशी, विपिन चन्द्रवंशी, किशन चन्द्रवंशी, प्रकाश चन्द्रवंशी, टीकम शर्मा, घनश्याम चन्द्रवंशी, आर्यन गुप्ता, अन्नपूर्णा बिल्डर्स एंड सप्लायर्स, अनमोल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, प्रमोद चन्द्रवंशी, उमेश चन्द्रवंशी, इन्द्रजीत चन्द्रवंशी, श्याम लाल चन्द्रवंशी, योगेश चन्द्रवंशी, जमुना इंटरप्राइसेस, एबी कंस्ट्रक्शन, अनिमेश गुप्ता, नितेश गुप्ता, सुखनंदन चन्द्रवंशी, राजेश साहू, रोहित कुमार चंद्रवंशी, जेके केएस राठौर, आशीष सोनी, श्रीराम कंस्ट्रक्शन, श्रवण कुमार, नवीन जायसवाल, केसरीचंद साहू, मुनीराम, विकास पाण्डेय, अर्जुन वर्मा, तिलक राम चंद्रवंशी, सियाराम चंद्रवंशी, महेंद्र घृतहरे, अजीत पाल, रमाकांत गुप्ता, विवेकानंद चंद्रवंशी, यशवंत सिंह ठाकुर, विजय शर्मा, पंचराम चंद्रवंशी, नंदकुमार पाण्डेय, रूपेश कुमार चंद्रवंशी, कन्हैया लाल चंद्रवंशी, सुखीराम चंद्रवंशी और दीपक चंद्राकर उपस्थित थे। सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और एसोसिएशन की मजबूती के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की रोकथाम और इसके पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों, पंचायत सचिवों, आंगनबाड़ी सेक्टर सुपरवाइजरों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान, बच्चों के अधिकार, प्राथमिक सूचना की संवेदनशीलता, प्रभावी निगरानी प्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया प्रक्रिया तथा समुदाय आधारित हस्तक्षेपों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में




मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में पंचायत सचिवों, जनप्रतिनिधियों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर यदि सभी लोग जागरूक और सतर्क रहें तो बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि पंचायत सचिव और सुपरवाइजर की सक्रियता और सजगता से समय पर बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी मिलती है तथा त्वरित कार्यवाही संभव हो पाती है। उन्होंने बाल विवाह की शिकायत मिलने पर संवेदनशीलता, गोपनीयता और तत्परता बरतने की अपील की।